



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,बुधवार,03,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## तेल पर और ज्यादा रियायत और एस-400 की सप्लाई बढ़ाएगा रूस,
# अमेरिकी टैरिफ के बीच पुतिन का भारत को तोहफा

भारत द्वारा रूस से खरीदे जा रहे कच्चे तेल पर जल्द ही और ज्यादा रियायत मिल सकती है। साथ ही भारत और रूस से और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी मिल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ दबाव बनाने के बीच ये रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत के लिए तोहफा माना जा रहा है। भारत पहले ही रूस से डिस्काउंट पर तेल खरीद रहा है और अब और ज्यादा डिस्काउंट मिलने से भारत का काफी पैसा बचेगा। **कच्चे तेल पर रियायत से मिलेगी बड़ी राहत**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूराल क्रूड की कीमत अब ब्रेंट क्रूड की तुलना में 3-4 डॉलर प्रति बैरल कम हो सकती है। सितंबर के अंत में और अक्तूबर माह में इस छूट का लाभ मिल सकता है। बीते हफ्ते यह छूट 2.50 डॉलर प्रति बैरल थी और जुलाई माह में यह 1 डॉलर प्रति बैरल थी। बीते महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिनमें से 25 प्रतिशत टैरिफ रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए लगाया गया था। अमेरिका का आरोप है



कि भारत के रूस से कच्चा तेल खरीदने से यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। टैरिफ से भारत पर आर्थिक दबाव पड़ा है, लेकिन अब अगर रूस से कच्चे तेल पर और ज्यादा रियायत मिलती है तो यकीनन इससे भारत पर पड़ रहा आर्थिक दबाव कुछ हद तक कम होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि भारत और रूस के बीच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद को लेकर बातचीत चल रही है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में ही 5.5 अरब डॉलर में पांच एस-400 डिफेंस सिस्टम की डील हुई थी, जिनमें से तीन सिस्टम भारत को मिल चुके हैं और बाकी दो एस-400 सिस्टम साल 2026 और 2027 में मिलने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी और भारतीय एयर डिफेंस को चाक-चौबंद बनाने में शानदार काम किया था। यही वजह रही कि पाकिस्तान के लड़ाकू विमान भारत के खिलाफ कोई दुस्साहस न कर सके। यही वजह है कि अब भारत और एस-400 खरीदने पर विचार कर रहा है।

# पंजाब आपदा ग्रस्त घोषित
## सभी 23 जिलों के 1400 से अधिक गांवों में बाढ़, ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा नुकसान

पंजाब के 3 लाख 54 हजार 626 लोग बाढ़ की वजह से प्रभावित हैं। 19,597 लोगों को बाढ़ग्रस्त इलाकों से सुरक्षित निकाला जा चुका है। अभी तक चार लाख एकड़ से ज्यादा फसल बर्बाद हो चुकी है। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से हालात खराब होते जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 23 जिलों में 1200 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में है। हालात को देखते हुए पंजाब सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित किया है। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2025 के तहत सभी जिला मजिस्ट्रेटों और विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



आदेशों में कहा गया कि प्रदेश इस समय दशकों की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। भारी मानसूनी बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी के कारण कई जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई है। हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## GST: जीएसटी परिषद की बैठक आज से, दो स्लैब पर लग सकती है मुहर; रोजमर्रा की वस्तुओं पर घट सकता है टैक्स



**जीएसटी परिषद की दो दिवसीय बैठक आज** से शुरू हो रही है। इस बैठक में जीएसटी सुधारों को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी 2.0 से कारोबारियों के अनुपालन बोझ में और कमी आएगी। छोटे व्यवसायों के लिए फलना-फूलना आसान हो जाएगा। इससे आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खुली और पारदर्शी हो जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी 2.0 से कारोबारियों के अनुपालन बोझ में और कमी आएगी। छोटे व्यवसायों के लिए फलना-फूलना आसान हो जाएगा। तमिलनाडु में एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। इसमें विनियमों को सरल बनाने और अनुपालन लागत घटाने पर जोर दिया गया है। स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए अधिक सक्षम तंत्र बनाने का स्पष्ट अधिकार दिया गया है।

**परिधानों पर 18 फीसदी जीएसटी से प्रभावित होगा उद्योग : सीएमएआई** जीएसटी में सुधारों के तहत 2,500 रुपये से अधिक मूल्य के परिधानों पर टैक्स बढ़ाकर 18 फीसदी के उच्च स्लैब में रखने के सरकार के प्रस्ताव से संगठित निर्माता और मध्य वर्ग के उपभोक्ता प्रभावित होंगे। भारतीय वस्त्र निर्माता संघ (सीएमएआई) ने मंगलवार को कहा, विभिन्न क्षेत्रों से बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद ऐसी खबरें हैं कि 2,500 रुपये से अधिक मूल्य के परिधानों पर मौजूदा 12 फीसदी की जगह अब 18 फीसदी जीएसटी लगने की संभावना है। अगर ऐसा हुआ तो यह पहले ही अमेरिकी टैरिफ संकट से जूझ रहे उद्योग के लिए मौत की घंटी साबित होगी। संघ ने कहा, ऐसे परिधानों को 18 फीसदी के कर दायरे में डालने का मतलब होगा कि मध्य वर्ग को ठंड में ज्यादा टैक्स देना होगा।




## भूख हड़ताल से कोर्ट के आदेश तक,
# पुलिस के संयम से बेकाबू नहीं हुई भीड़; आखिर खत्म हुआ आंदोलन




मराठा आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे हजारों समर्थकों के साथ मुंबई पहुंचे थे, लेकिन मुंबई पुलिस के कौशल और समझदारी भरी तैयारी से यह पांच दिन लंबा आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया। यह आंदोलन मुंबई के आजाद मैदान में हुआ, जो छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और बीएमसी भवन के पास है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कभी भी हालात पूरी तरह बेकाबू नहीं हुए। जरांगे ने 29 अगस्त को भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसमें मंगलवार को दोपहर उन्होंने खत्म कर दिया, जब राज्य सरकार ने अधिकांश मांगें मान लीं। जरांगे के अनशन के साथ ही राज्यभर से लोग समर्थन करने मुंबई पहुंचे। आंदोलनकारियों की भीड़ दक्षिण मुंबई के मुख्य चौराहों पर दिखी, जिससे सुबह के समय ट्रैफिक जाम हुआ। कुछ लोग सीएसएमटी परिसर में ही प्लेटफॉर्म पर चटाई बिछाकर सोते नजर आए। आंदोलन से पहले मुंबई पुलिस ने जरांगे की टीम के साथ बैठकें कीं और रणनीति बनाई। पुलिस ने आजाद मैदान पर 1,500 से ज्यादा जवान तैनात किए। साथ ही सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरएएफ, एसआरपीएफ, दंगा नियंत्रण पुलिस और महाराष्ट्र सुरक्षा बल की एक-एक इकाई भी तैनात की गई।



# Aaj Ka Rashifal 03 September

## इन चार राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ और अचानक धन लाभ के योग,

03 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 03 सितंबर 2025 का राशिफल।आज बुधवार 03 सितंबर का दिन है और आज के दिन चंद्रमा का गोचर पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में धनु राशि में हुआ है।




### मेष



आज का दिन आपके लिए किसी निवेश संबंधी मामले में अच्छा रहने वाला है। आप कामों को लेकर उतावलापन ना दिखाएं। जीवनसाथी के साथ आप रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। बिजनेस कर रहे लोग अपनी कमाई के बढ़ने पर पूरा ध्यान देंगे। आप अपने कामों में उत्साह से जुड़ेंगे, जिससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे, लेकिन आपकी सेहत आपको समस्या दे सकती है। आप किसी से यदि धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी।

### वृषभ



आज का दिन आपके लिए अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। परिवार में आपकी किसी बात को लेकर सदस्यों से कहासुनी हो सकती है।

### मिथुन



आज आप अपने कामों में सुधार लाने की पूरे कोशिश करेंगे। आपको अपने जीवनशैली को बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने पिताजी की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं। आपके दिए गए सुझावों से आपके बॉस काफी खुश होंगे।

### कर्क



आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। यदि आप किसी काम को लेकर कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। किसी सरकारी काम के पूरा होने में कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आप अपने किसी दोस्त की मदद के लिए भी कुछ रूपयों का इंतजाम कर सकते हैं। आपका कोई पुराना लेन देन आपके लिए समस्या बन सकता है।

### सिंह



आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने से खुशी होगी। शेयर बाजार से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने सहयोगी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आध्यात्म के कार्यों के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। आपको पार्टनरशिप में कोई काम करना बेहतर रहेगा। आप अपने घर में किसी नए काम की शुरुआत करा सकते हैं।

### कन्या



आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति काफी समर्पित रहेंगे, जिससे उनके बॉस भी काफी खुश रहेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। आपको अपनी जरूरत के खर्चों को भी नियंत्रण में करना होगा। वैवाहिक जीवन में सामंजस्यता बनी रहेगी। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखें। आपको किसी की कहासुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। आपका कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है।

### तुला



आज का दिन आपके लिए खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। आप अपने व्यवसाय की योजनाओं में अच्छा लाभ उठाएं। आप जीवनसाथी को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों में थोड़ा संयम बनाए रखना होगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें और अपने खर्चों को लेकर आपको योजना बनाकर चलना होगा।

### वृश्चिक



आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में थोड़ा संयम से चलने के लिए रहेगा। आपके आप पड़ोस में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने खानपान पर पूरा ध्यान देना होगा। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपका विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

### धनु



आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला है। आपकी खुशियों को चार चांद लगेंगे और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको कोई पुरस्कार आदि भी मिल सकता है। आप अपने व्यवसाय में योजनाओं को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी दूर होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी भी खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है।

### मकर



आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर संशय हो, तो उसे काम में आप बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप किसी नए काम को करने की भी योजना बनाएंगे। आपको किसी वाद-विवाद की स्थिति से दूर रहना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### कुंभ



आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका कोई सहयोगी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। आपके खर्च भी अधिक रहेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। सेहत पर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### मीन



आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अच्छे कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे और आप अच्छी सोच से आगे बढ़ेंगे। सामाजिक कामों में आप आगे बढ़ेंगे। व्यवसाय में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपका धन यदि रुका हुआ था, तो वह भी आपको मिलेगा। आपको कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी। आप परिवार में किसी सदस्य के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

जिसमें समसप्तक और आदित्य योग है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार आज का दिन कई राशि वालों के लिए शुभ और लाभदायक रहने वाला होगा। ऐसे में आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा आज का दिन, दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# पंजाब: देशभर में बारिश का कहर

## पंजाब में बाढ़, हिमाचल में नौ मौतें; उत्तराखंड-जम्मू में भूस्खलन से सड़क मार्ग बंद



देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त है। हिमाचल, उत्तराखंड में भूस्खलन से सड़कें बंद और कई मौतें हुई हैं। दिल्ली-NCR, यूपी, पंजाब, हरियाणा में भी जलभराव से हालात बिगड़े हैं। सेना और एनडीआरएफ राहत में जुटे हैं। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है और अगले पांच दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी है, जिससे बाढ़ और गंभीर हो सकती है।पहाड़ों से लेकर मैदानों तक हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह अस्तव्यस्त है। पहाड़ों में जगह-जगह भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग समेत छोटी-बड़ी सैकड़ों सड़कें बंद हैं। नदियां और नाले उफान पर हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा से लेकर दिल्ली-एनसीआर में भी कई दिनों से बारिश, बाढ़ और जलभराव से लोग परेशान हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेना और एनडीआरएफ समेत विभिन्न एजेंसियों की टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं।हिमाचल प्रदेश में सोमवार देर रात सड़क धंसने से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कुल्लू, सुंदरनगर, चिढ़गांव में भूस्खलन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। शिमला-कालका रेड खंड पर भूस्खलन से पांच सितंबर तक ट्रेन सेवा स्थगित कर दी गई है। खराब मौसम के कारण कई जगह स्कूल, कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और दफ्तरों में भी घर से काम को तरजीह दी जा रही है।मौसम विभाग की ओर से जारी रेड अलर्ट के बीच मंगलवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में में मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, इसके प्रभाव से अगले पांच दिन भारी बारिश होने की संभावना है। इससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो सकती है।तेज बारिश के चलते पंजाब और हरियाणा में बाढ़ की स्थित गंभीर हो गई है। सतलुज, ब्यास और रावी नदियों तथा मौसमी नालों में आए

# मेरठ: वेस्ट यूपी में आफत की बारिश

## मुजफ्फरनगर, शामली में मकान और पेड़ गिरे, 3 लोगों की मौत; स्कूलों की छुट्टी



मेरठ में बारिश के दौरान मकान और पेड़ गिर गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मुजफ्फरनगर में 94.4 मिमी बरसात हुई। बिजनौर में शहर की गली मोहल्लों से लेकर गांव तक पानी ही पानी दिखा। गंगा खतरे के निशान से महज 70 सेंटीमीटर दूर है।भारी बारिश के कारण सोमवार को वेस्ट यूपी के जिलों में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। मेरठ में बारिश के दौरान मकान और पेड़ गिर गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज भी भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। जिसको देखते हुए मेरठ और मुजफ्फरनगर डीएम ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित की है।मेरठ के बहसूमा क्षेत्र में रहमापुर में बरसात के दौरान पेड़ गिरने से बाइक सवार लाला (38) निवासी अकबरपुर सादात और सलमान (35) निवासी नगला साहू थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद की मौत हो गई। दौराला थाना क्षेत्र के अझोता गांव में तेज बारिश में कच्चा मकान गिरने से मलबे में दबकर 80 वर्षीय वृद्ध बालू की मौत हो गई। चार घंटे में ही शहर में 81 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सुबह से ही भारी बरसात के कारण डीएम डॉ. वीके सिंह ने कक्षा आठ तक स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। मंगलवार का भी डीएम ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।मुजफ्फरनगर में 94.4 मिमी बरसात हुई। पेड़ सड़कों पर गिर जाने से वाहनों के पहिए थम गए। घरों, दफ्तरों और बाजारों में जलभराव हुआ। बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्कूलों की छुट्टी कर दी गई।

## मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली फिर विवादों में, बीकानेर में दर्ज हुई गंभीर धाराओं में FIR



फिल्म जगत से जुड़ी एक बड़ी और सनसनीखेज खबर बीकानेर से सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एफआईआर दर्ज की गई है। भंसाली की कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला बीछवाल थाने में दर्ज **यह मामला भंसाली की बहुचर्चित फिल्म "Love & War" की शूटिंग से** जुड़ा है। **एफआईआर में धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी और संगठित षड्यंत्र जैसे संगीन आरोप शामिल किए गए हैं।** यह शिकायत राधा फिल्म्स एंड हॉस्पिटैलिटी के सीईओ और लाइन प्रोड्यूसर प्रतीक राज माथुर ने दर्ज करवाई। उनका आरोप है कि फिल्म के प्रोडक्शन में नियुक्ति प्रक्रिया और सुरक्षा इंतज़ाम को लेकर धोखाधड़ी की गई है। इसके अलावा 17 अगस्त 2025 को निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार और धमकी देने की घटना का भी ज़िक्र एफआईआर में दर्ज है। फिलहाल भंसाली या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले उनकी फिल्म "पद्मावत" की शूटिंग को लेकर भी विवाद खड़ा हुआ था। अब एक बार फिर संजय लीला भंसाली और उनकी टीम राजस्थान में विवादों में घिर गए।

## निया शर्मा ने अली गोनी-जैस्मिन भसीन-कृष्णा-सुदेश के साथ जमकर किया डांस, शेयर किया शानदार वीडियो



प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपने कई शानदार वीडियो शेयर किए हैं। इन सभी में निया जमकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। इन शानदार वीडियो में निया, अली गोनी और जैस्मीन भसीन और बाकी टीवी कलाकारों के साथ जमकर डांस और मस्ती करती नजर आ रही हैं। निया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई वीडियो शेयर किए। लेकिन इन सभी में से एक वीडियो सबसे खास रहा, जिसमें वह, अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, रागिनी खन्ना, जौस्मीन भसीन और सुदेश लहरी संग डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में सभी 1987 की फिल्म 'खुदगर्ज' के मशहूर गाने 'आप के आ जाने से' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि सुदेश लहरी गाना गा रहे हैं। निया ने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'लाफ्टर शेफ्स परिवार के साथ क्या शानदार रात थी।' 'आप के आ जाने से' गाना फिल्म 'खुदगर्ज' का है, जिसमें गोविंदा और नीलम थे। इसे मोहम्मद अजीज और साधना सरगम ने गाया था। इस फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। इस फिल्म में जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, भानुप्रिया और अमृता सिंह जैसे सितारे भी थे। यह फिल्म जेफ्री आर्चर के उपन्यास 'केन एंड एबेल' पर आधारित थी और बाद में तेलुगु और तमिल में भी बनाई गई। 'लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड' में निया शर्मा के अलावा कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रीम शेख, सुदेश लहरी, एल्विश यादव, रुबीना दिलैक, अली गोनी और कश्मीरा शाह जैसे सितारे हैं। शो की मेजबानी भारती सिंह ने की है और शेफ हरपाल सिंह जज हैं। इस शो के अलावा निया ने हाल ही में 'सुहागन चुड़ैल' में निशिगंधा नाम की चुड़ैल की भूमिका निभाई,

## तमन्ना भाटिया-डायना ने एक-दूसरे के खोले गहरे राज,



तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी जल्द ही नई कॉमेडी सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' में पहली बार एक साथ नजर आएंगी। तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो जारी किया, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे के बारे में ऐसी बातें शेयर कीं जो कोई और नहीं जानता। तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें डायना ने तमन्ना के बारे में कुछ सीक्रेट बातें बताईं। इसके साथ ही डायना ने भी तमन्ना के बारे में कई राज खोले। डायना ने तमन्ना के बारे में कहा- 'सबसे जरूरी बात - यह बहुत बेशर्म कॉफी चोर है। उसे इस पर कोई अफसोस नहीं होता।' इसके बाद तमन्ना ने भी जवाब दिया और कहा- 'डायना असल में बहुत मजाकिया हैं।' आगे तमन्ना ने कहा, 'तुम इतने प्यारे किरदार निभाती हो कि किसी को पता ही नहीं चलता कि तुम असल में पूरी तरह पागल हो।' एक और खास बात तमन्ना ने डायना के बारे में बताई, 'चाहे जो भी हो मैं उनके बारे में जानती हूं, वह हमेशा अपने नाखूनों को अच्छे से मैनीक्योर कराती हैं। तुम उन्हें कभी भी बिना मैनीक्योर के नहीं देखोगे, भले ही वह कितनी थकी हों। उनके पैर भी हमेशा साफ-सुथरे रहते हैं।'



## Punjab Flood: पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने एक्टर-सिंगर एमी विर्क, 200 प्रभावित घरों को लिया गोद



पंजाब राज्य के कई जिले इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहे हैं, जिसमें कई घर प्रभावित हुए हैं। सरकार और स्थानीय लोगों द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने बड़ा दिल दिखाते हुए 200 बाढ़ से प्रभावित परिवारों को गोद ले लिया है। पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने इंस्टाग्राम पर बाढ़ प्रभावितों के लिए एक पोस्ट लिखी और मदद की पेशकश की। उन्होंने लिखा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही देखकर हमारा दिल दुखता है। अपने लोगों को बिना छत के देखकर मैं पूरी तरह टूट गया हूँ। आराम और स्थिरता लाने के अपने छोटे से प्रयास में, हम उन लोगों की मदद के लिए 200 घरों को गोद ले रहे हैं जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। यह केवल आश्रय के बारे में नहीं है - यह आशा, सम्मान और फिर से शुरुआत करने की ताकत देने के बारे में है।' बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए, एक्स पर एक नोट लिखा। उन्होंने कहा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही वाकई दिल दहला देने वाली है। प्रभावित सभी लोगों के लिए मैं शक्ति और प्रार्थनाएं भेज रहा हूं। मैं हर संभव मदद करूंगा। बाबाजी पंजाब में सभी का भला करें और उनकी रक्षा करें।'

## 'बागी 4' का सिजलिंग सॉन्ग 'ये मेरा हुस्न' हुआ रिलीज



मुंबई : टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के मेकर्स लगातार इसे लेकर उत्सुकता बनाए हुए हैं और इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को फिल्म का नया गाना 'ये मेरा हुस्न' जारी किया। गाने के लॉन्च होते ही सोशल मीडिया पर धमाल मच गया है। इस गाने में मिस यूनिवर्स रह चुकीं हरनाज कौर संधू का अब तक का सबसे अलग और बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। उनका किलर डांस मूव्स और एक्सप्रेशन फैंस को खूब भा रहे हैं। गाने में हरनाज ग्लैमरस अंदाज़ में नजर आ रही हैं और उनका परफॉर्मेंस फिल्म के म्यूज़िकल प्रमोशन में जान डाल रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होते ही गाने को लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में दर्शक हरनाज की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। वहीं, फिल्म के लीड स्टार टाइगर श्रॉफ के एक्शन और डांस का जादू भी फैंस को देखने का इंतजार है। निर्माताओं का कहना है कि 'ये मेरा हुस्न' फिल्म के उन गानों में से एक है जो युवाओं के बीच हिट साबित होगा। संगीत में आधुनिक बीट्स और देसी तड़के का संगम है, जो इसे पार्टी नंबर बना रहा है। गौरतलब है कि 'बागी' फ्रेंचाइजी हमेशा से ही एक्शन और म्यूज़िक के लिए जानी जाती रही है। अब 'बागी 4' में दर्शकों को डबल एक्शन, ड्रामा और म्यूज़िकल एंटरटेनमेंट मिलने वाला है। हरनाज कौर संधू की इस एंट्री ने फिल्म के प्रति उत्सुकता और भी बढ़ा दी है।

फैंस को 5 सितंबर का बेसब्री से इंतजार है, जब यह फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होकर धूम मचाएगी।

## Mirai: सुपरस्टार रजनीकांत ने की 'मिराय' के ट्रेलर की तारीफ, मांचू मनोज ने जताया आभार; साझा की तस्वीरें



तेजा सज्जा और मांचू मनोज की आगामी फिल्म 'मिराय' का ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। फिल्म लगातार चर्चाओं में भी बनी हुई है और ट्रेलर को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म का ट्रेलर देखा है और इसकी सराहना की है। इस बात की जानकारी फिल्म में निगेटिव किरदार निभाने वाले मांचू मनोज ने दी है। मांचू मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुपरस्टार रजनीकांत अपने फोन में 'मिराय' का ट्रेलर देख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मांचू मनोज ने लिखा, 'ट्रेलर देखने और हमारी सराहना करने के लिए सुपरस्टार रजनीकांत का हार्दिक धन्यवाद। सिवाकार्तिकेयन आपकी अपार सफलता की कामना करता हूं। तमिल लोगों और मित्रों का हार्दिक आभार जिन्होंने हमारा हमेशा समर्थन किया हाल ही में 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें एक्शन और एडवेंचर दोनों ही देखने को मिले थे। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स के होने की उम्मीद है। कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# Gold Silver Price

## सातवें दिन भी सोने की कीमतों में उछाल, चांदी फिर नए हाई पर;




टैरिफ की चिंताओं और कमजोर रुपये के कारण सोने की कीमत लगातार सातवें सत्र में मजबूत रही। मंगलवार को राजधानी दिल्ली में **सोने की कीमत 400 रुपये की बढ़त के साथ 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम** के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं **चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम** (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

**निवेशकों की है इन पर नजर** अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा कि भू-राजनीति भी केंद्र में बनी हुई है। साथ ही **भारत, रूस और चीन के बीच संबंधों के मजबूत होने के संकेत हैं। इससे अमेरिकी प्रभाव और डॉलर पर दबाव पड़ सकता है, जिससे बुलियन की कीमतों को बढ़ावा मिलेगा।** मेहता ने कहा कि निवेशक अब फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के बारे में नए संकेत के लिए आगामी अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। इसमें रोजगार के अवसर, एडीपी रोजगार और गैर-कृषि वेतन शामिल हैं।

# भारत पर ट्रंप का अतिरिक्त 25% टैरिफ लागू:

## विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को लग सकता है झटका; भारत की क्या रणनीति?




भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 50 फीसदी उच्च अमेरिकी टैरिफ लागू गया है। इससे 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजारों में काफी महंगे हो जाएंगे, जिससे घरेलू निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के प्रतिस्पर्धियों की स्थिति कम टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार में बेहतर होगी। इस चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार को बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे, अन्यथा न सिर्फ देश की जीडीपी पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने का लक्ष्य भी प्रभावित होगा। वॉटोबेल में ईएम इक्विटीज के सह-प्रमुख राफेल लुएशर का कहना है कि उच्च टैरिफ भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव में आने वाली भारतीय कंपनियां भी निवेश संबंधी फैसले टाल सकती हैं, जिसका नकारात्मक असर नौकरियों पर पड़ सकता है। कपड़ा, जूते, आभूषण और ऑटो पार्ट्स उद्योगों में अगले 12 महीनों में 10-15 लाख नौकरियां जा सकती हैं। अकेले कपड़ा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा रोजगार प्रभावित होने की आशंका है। सूरत और मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग में भी एक लाख से ज्यादा नौकरियां जाने का खतरा है। **50 फीसदी टैरिफ की पुष्टि और व्यापार वार्ता रद्द होने से विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली की, जिससे ऑटो, धातु और रियल्टी शेयरों में 1-2 फीसदी की गिरावट आई।** सेंसेक्स 849 और निफ्टी 255 अंक टूट गया।




# Share Market Opening:

## जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले बाजार की सपाट शुरुआत, सेंसेक्स-निफ्टी में उठा-पटक जारी

बुधवार को शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 153.28 अंक टूटकर 80,004.60 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 46.40 अंक की गिरावट के साथ 24,533.20 पर कारोबार कर रहा था। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद का फैसला आने वाले दिनों में बाजार की चाल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



**जीएसटी परिषद के फैसले का पड़ेगा असर**

बाजार सहभागियों को उम्मीद है कि परिषद आर्थिक विकास को समर्थन देने तथा घरेलू खपत को बढ़ावा देने के लिए उपायों की घोषणा कर सकती है, ऐसे समय में जब बाहरी चुनौतियां बनी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद का फैसला आने वाले दिनों में बाजार की चाल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बुधवार के शुरुआती कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों का नफा-नुकसान

Gainers **Losers** Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| SARVES-RE | 0.66 | -0.39 | -37.14 | 46.15 | 0.31 |
| ABAN | 43.40 | -2.79 | -6.04 | 2.31 | 1.01 |
| DAVANGERE | 3.78 | -0.22 | -5.50 | 1,309.63 | 49.24 |
| NKIND | 65.40 | -3.60 | -5.22 | 0.00 | 0.00 |
| GLOBUSSPR | 1,134.60 | -61.90 | -5.17 | 0.86 | 9.96 |

**Gainers** Losers Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| LFIC | 230.99 | 30.24 | 15.06 | 1.79 | 4.22 |
| JITFINFRA | 306.20 | 38.95 | 14.57 | 5.60 | 16.74 |
| STALLION | 184.70 | 22.12 | 13.61 | 51.27 | 93.05 |
| TBOTEK | 1,552.50 | 170.00 | 12.30 | 24.32 | 377.79 |
| JAICORPLTD | 158.32 | 15.90 | 11.16 | 228.50 | 352.83 |

**उपभोग करों और अर्थव्यवस्था के लिए अहम है बैठक** बैंकिंग और बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा ने एएनआई को बताया कि वैश्विक संकेत नकारात्मक हैं, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और अमेरिका में बॉन्ड यील्ड कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। आज सुबह एशियाई बाजार भी दबाव में हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय बाजार उपभोग करों को कम करने और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी परिषद के फैसलों की ओर देखेंगे। बाजार स्थिर से नकारात्मक हैं, फैसले का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि यह त्योहारी सीजन में व्यक्तिगत खपत को बढ़ावा देने की दिशा निर्धारित करेगा जो भारत में आर्थिक विकास को गति दे सकता है। **विदेशी बाजारों का ऐसा रहा हाल** वहीं अगर बात विदेशी बाजारों की करें तो एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक बढ़त में रहा, जबकि जापान का निक्केई 225, चीन का एसएसई कॉम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत टूटकर 68.87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को घरेलू शेयरों में से 1,159.48 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की।

# Women Workforce

## सात साल में 40% पहुंची महिलाओं में रोजगार दर; देश में महिला कार्यबल भागीदारी दर में वृद्धि

भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है।देश में महिलाओं की रोजगार दर सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 फीसदी हो गई है। 2017-18 में यह 22 फीसदी थी। श्रम मंत्रालय ने कहा, इसी अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 से घटकर 3.2 फीसदी हो गई। 2047 तक विकसित भारत का विजन प्राप्त करने के लिए प्रमुख स्तंभों में से एक देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है।मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है। स्नातकोत्तर शिक्षा और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त महिलाओं में रोजगार दर 2017-18 के 34.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40 फीसदी हो गई है।पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं। अगस्त तक ई-



श्रम ने 16.69 करोड़ से अधिक महिला असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण दर्ज किया है। इससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्राप्त हुई है। सरकार के प्रयास महिला उद्यमियों के विकास में योगदान दे रहे हैं। 15 मंत्रालयों की 70 केंद्रीय योजनाएं और 400 से अधिक राज्य स्तरीय योजनाएं महिला उद्यमिता को समर्थन देने पर केंद्रित हैं।


# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612



















# DPL: दिल्ली प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर मैच में विवाद, आपस में भिड़े खिलाड़ी; नीतीश-दिग्वेश में भी हुई कहासुनी



वेस्ट दिल्ली लायंस और साउथ दिल्ली सुपरस्टार के बीच शुक्रवार को खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एलिमिनेटर मैच में विवाद हो गया। इस मैच को वेस्ट दिल्ली सात विकेट से अपने नाम किया जिसमें कप्तान नीतीश राणा का योगदान अहम रहा। नीतीश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाया और अपनी टीम को क्वालिफायर-2 मुकाबले का टिकट दिलवाया। हालांकि, इस मैच में हुए विवाद ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल, वेस्ट दिल्ली के बल्लेबाज कृष यादव की साउथ दिल्ली के कुछ खिलाड़ियों के साथ कहासुनी हो गई थी। यह घटना वेस्ट दिल्ली की पारी के 11वें ओवर में घटी जब कृष ने अमन भारती की गेंद पर शॉट लगाया, लेकिन अमनोल शर्मा ने कैच लेकर उनकी पारी का अंत कर दिया। जब कृष पवेलियन की ओर लौटने लगे तो अमन ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया और कृष को कुछ कहने लगे। इसके बाद कृष उनकी तरफ बढ़े और कुछ कहने लगे जिसके बाद विवाद बढ़ गया। साउथ दिल्ली के खिलाड़ी सुमित माथुर भी इस विवाद में कूद पड़े और कहासुनी बढ़ गई। स्थिति को शांत कराने के लिए नीतीश राणा और एक महिला अंपायर ने हस्तक्षेप किया तथा कहासुनी कर रहे खिलाड़ियों को अलग किया। नीतीश ने सुमित के कंधे पर हाथ रखा और उन्हें अलग ले गए, जबकि महिला अंपायर ने कृष को डगआउट की ओर भेजा। वहीं, नीतीश राणा और दिग्वेश राठी के बीच भी तीखी कहासुनी हुई थी। मैच की बात करें तो 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट दिल्ली ने पावरप्ले के अंदर ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन नीतीश ने मोर्चा संभाला और कृष के साथ मिलकर साझेदारी निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी की और वेस्ट दिल्ली की ओर मैच का रुख पलट दिया। कृष ने 22 गेंदों पर 31 रन बनाए, जबकि नीतीश अंत तक टिके रहे और टीम को जीत दिलाई। इससे पहले, साउथ दिल्ली ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए थे।



## US Open

### यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने जोकोविच, नूरी को दी मात; राडुकानू हारीं



24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी। जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज़ में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

## Asia cup hockey 2025

### भारतीय टीम ने किया शानदार प्रदर्शन, चीन को किया पराजित; अगला मुकाबला जापान से



**एशिया कप हॉकी 2025 में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत से की। मेजबान टीम ने चीन को 4-3 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज़ किया।** भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और रणनीति, फिटनेस तथा तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह के गोलों ने टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि चीन ने पूरे मैच में कड़ी चुनौती दी और शुरुआती गोल के बाद लगातार दबाव बनाए रखा। मैच में कुल सातों गोल पेनल्टी कॉर्नर से बने, जिससे यह मुकाबला और भी रोमांचक हो गया। **चोट से उबरकर लौटे कप्तान हरमनप्रीत सिंह थोड़े दबाव में जरूर दिखे, लेकिन निर्णायक क्षणों में उन्होंने गोल दागकर टीम की लाज बचाई।** कोच क्रेग फुलटन की रणनीति का असर भी मैदान पर साफ झलका। भारतीय डिफेंस ने कई मौकों पर शानदार खेल दिखाया, लेकिन कुछ क्षणों में विपक्षी खिलाड़ियों को स्पेस भी दिया। अमित रोहिदास पेनल्टी कॉर्नर डिफेंस में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में तालमेल की कमी दिखी। युवा फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने जोश तो दिखाया, लेकिन अवसरों को गोल में बदलने में चूकते रहे। **हार्दिक सिंह हमेशा की तरह टीम के मजबूत स्तंभ साबित हुए, जबकि गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने बचाव जरूर किए,** मगर उनका बॉडी लैंग्वेज चिंता का विषय रहा। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें खुल कर खेल रही थी, जिसके वजह से ज्यादा गोल हुए। मैच में बराबरी पर आने के बाद चीन की टीम डिफेंसिव होकर मैन टू मैन मार्किंग करने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के दबाव के चलते उनका डिफेंस टूट गया। मैच का निर्णायक क्षण आखिरी क्वार्टर में आया, **जब हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागकर भारत को जीत दिलाई। अब भारत का अगला मुकाबला जापान से होगा,**

# एशिया कप से पहले बीसीसीआई में बड़ा फेरबदल, रोजर बिन्नी ने छोड़ा पद; राजीव शुक्ला बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में एशिया कप से पहले बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि रोजर बिन्नी ने 70 वर्ष के होने के कारण पद छोड़ दिया है** जिसके बाद राजीव शुक्ला को बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अभी इस मामले पर आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। भारतीय टीम अगले महीने यूएई में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेगी जिसके लिए कुछ दिन पहले 15 सदस्यीय टीम घोषित की गई थी। राजीव शुक्ला बीसीसीआई के उपाध्यक्ष भी हैं और वह अगले महीने होने वाले बीसीसीआई के चुनाव तक कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे। बिन्नी ने 2022 में सौरव गांगुली की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभाला था। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। इससे पहले खबरें आई थी कि बिन्नी सितंबर में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तक पद पर बने रहेंगे, लेकिन उन्होंने इससे पहले ही पद छोड़ दिया। बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो गए थे और नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया था। बिन्नी के अध्यक्ष रहते ऐतिहासिक महिला प्रीमियर लीग (WPL) की भी शुरुआत हुई। उनके अध्यक्ष रहते ही घरेलू क्रिकेट को बेहतर प्रोत्साहन मिला। खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि हुई और टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंटों में खिलवाने के लिए उचित और सख्त कदम उठाए गए। 1983 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे **ऑलराउंडर बिन्नी ने 27 टेस्ट मैचों और 72 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।** उन्होंने टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए और पांच अर्धशतकों की मदद से 830 रन बनाए। 72 वनडे मैचों में उन्होंने 77 विकेट लिए और एक अर्धशतक की मदद से 629 रन बनाए। **भारत को पहला वनडे विश्व कप (1983) जिताने में उनका अहम योगदान था। 1983 विश्व कप में 18 विकेट लेकर वह भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।** बिन्नी इससे पहले बीसीसीआई चयन समिति के सदस्य के रूप में काम कर चुके हैं।

